प्रेस विज्ञप्ति जनपद देवरिया
दिनांक- 27.04.2025

पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा “नाकाबन्दी चेकिंग अभियान” के तहत की गयी सघन चेकिंग ।

सभी थाना प्रभारियों/थानाध्यक्ष द्वारा थाना क्षेत्र स्थित बार्डर पर नाकाबन्दी अभियान के तहत वाहनों/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गयी ।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति/सुरक्षा/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री अरविन्द कुमार वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज दिनांक 27.04.2025 को “**नाकाबन्दी चेकिंग अभियान**” के तहत सघन चेकिंग की गयी।

“**नाकाबन्दी चेकिंग अभियान**” का मुख्य उद्देश्य चोरी की गाड़ी पकड़ना, तीन सवारी के खिलाफ कार्रवाई करना, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों के खिलाफ कार्यवाही, नाबालिकों द्वारा दो पहिया / तीन पहिया सवारी चलाने, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट एवं बिना लाईसेंस के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना रहा।

इस प्रकार जनपदीय पुलिस द्वारा उक्त चेकिंग अभियान के दौरान जनपद में कुल 52 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 1376 व्यक्तियों व 946 वाहनों की चेकिंग की गयी और नियमों का पालन न करने वाले 206 वाहनों से लगभग रूपये 2,20,000/- का ई-चालान किया गया ।

सोशल मीडिया सेल
देवरिया पुलिस
मो0नं0- 7839861970